बिहार सरकार
ऊर्जा विभाग

पत्रांक–प्र0 / BSPTCL–18 / 2018 पटना, दिनांक–

सेवा में,

महालेखाकार (लेखा एवं हक),
बिहार, वीरचन्द पटेल मार्ग, पटना।

विषयः **मेसर्स ACME मगध सोलर प्राईवेट लि0 द्वारा बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लि0 के 132/33 के0वी0 ग्रीड उपकेन्द्र बाँका में 01 अदद् 33 के0वी0 लाईन 'बे' के निर्माण हेतु 46.29 लाख (छियालीस लाख उनतीस हजार) रूपये बिहार नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों की संवर्द्धन नीति 2011 के कंडिका 4.2.3 के अंतर्गत स्वीकृति एवं उक्त राशि बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लि0 को प्रतिपूर्त्ति करने के संबंध में।**

आदेश–स्वीकृत।

मेसर्स ACME मगध सोलर प्राईवेट लि0 द्वारा बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लि0 के 132/33 के0वी0 ग्रीड उपकेन्द्र बाँका में 01 अदद् 33 के0वी0 लाईन 'बे' के विद्युत निर्यात हेतु 10–15 मेगावाट Solar PV Power Plant को संयोजकता प्रदान करने के लिए किया गया है।

2. उक्त आलोक में मेसर्स ACME मगध सोलर प्राईवेट लि0 द्वारा बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लि0 के 132/33 के0वी0 ग्रीड उपकेन्द्र बाँका में 01 अदद् 33 के0वी0 लाईन 'बे' के निर्माण हेतु 46.29 लाख (छियालीस लाख उनतीस हजार) रूपये बिहार नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों की संवर्द्धन नीति 2011 के कंडिका 4.2.3 के अंतर्गत स्वीकृत एवं उक्त राशि बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कं0 लि० को प्रतिपूर्त्ति करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

3. उक्त राशि मांग सं0–10, मुख्य शीर्ष 4801–बिजली परियोजनाओं पर पूँजीगत परिव्यय–उप मुख्य शीर्ष–05 संचरण तथा वितरण, लघु शीर्ष–789–अनुसूचित जातियों के लिये विशेष घटक योजना, उपशीर्ष–0101–बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लि0 की परियोजना, विपत्र कोड–10–4801057890101 विषय शीर्ष 5401–निवेश के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2018–19 में उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।

4. इस राशि की निकासी उप सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना के द्वारा सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना से कर बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लि0 के व्यक्तिगत लेखा खाता (पी०एल० खाता) के मुख्य शीर्ष 8448–स्थानीय निधियों की जमा, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–120–अन्य निधियाँ, उपशीर्ष–0044–बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कं0 लि०, व्यय शीर्ष–L8448001200044 एवं प्राप्तियाँ–K–8448001200044 में जमा की जाएगी।

5. बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लि० द्वारा राशि की निकासी कोषागार में खोले गए पी०एल० खाता संख्या PLA272 से की ज़ाएगी।

6. वित्त विभाग के परिपत्र संख्या 3758 दिनांक 31.05.2017 के अनुसार इसमें प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

7. उक्त योजना की स्वीकृति हेतु सक्षम प्राधिकार प्रधान सचिव का अनुमोदन संचिका संख्या–प्र0/BSPTCL–18/2018 के पृष्ठ संख्या–04/टि0 पर दिनांक–24.11.2018 को प्राप्त है।

8. राज्यादेश पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या–प्र0/BSPTCL–18/2018 के पृष्ठ संख्या–08/टि0 पर दिनांक–17.12.2018 को प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

ह0/–
(प्रत्यय अमृत)
सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक–प्र0/BSPTCL–18/2018 /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः–महालेखाकार (लेखा परीक्षा), बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक–प्र0/BSPTCL–18/2018 3157 /पटना, दिनांक– 21.12.2018

प्रतिलिपिः–वित्त विभाग, बजट शाखा/प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/बजट शाखा, ऊर्जा विभाग, पटना/उप सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, ऊर्जा विभाग, पटना/लेखा शाखा, ऊर्जा विभाग (तीन प्रतियों में), पटना/अध्यक्ष–सह–प्रबन्ध निदेशक, बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लि0/प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लिमिटेड/उप महाप्रबंधक(वित्त एवं लेखा), बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लिमिटेड/आई0टी0 मैनेजर, ऊर्जा विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के प्रधान सचिव।